# डॉक्टर के घर से 50 लाख रु. चुराने वाले शातिर नौकर-नौकरानी गिरफ्तार

## पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 33 लाख रुपए नकद बरामद किए

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। सांगानेर सदर पुलिस ने रिंग रोड परियोजना क्षेत्र स्थित एक डॉक्टर के घर हुई 50 लाख रुपए की चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए घर के ही नौकर और नौकरानी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 33 लाख रुपए नकद बरामद किए हैं। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) राजर्षि राज ने बताया कि 26 मार्च 2026 को परिवादी डॉ. प्रभाकर सेठी (78) निवासी खेड़ी गोपालपुरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 22 फरवरी को उन्होंने अपनी पोती की ट्यूशन फीस के लिए 50 लाख रुपए नकद घर के किचन में सुरक्षित स्थान पर छिपाकर रखे थे।

इसके बाद 24 फरवरी को घर में चोरी का प्रयास हुआ। जबकि 25 फरवरी को सीसीटीवी कैमरों की सर्विसिंग हुई। इसी दौरान घर के कर्मचारी सुमित खेतान और सीमा सैनी को कैमरों की पूरी जानकारी हो गई। गत 19 मार्च की रात संदिग्ध परिस्थितियों में घर के पालतू कुत्ते की मौत हो गई। इसके बाद जब किचन में रखी रकम की जांच की गई तो पूरी नकदी गायब मिली।



सांगानेर सदर पुलिस ने रिंग रोड परियोजना क्षेत्र स्थित एक डॉक्टर के घर हुई 50 लाख रुपए की चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए घर के ही नौकर और नौकरानी को गिरफ्तार किया।

- डॉ. प्रभाकर सेठी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उन्होंने अपनी पोती की ट्यूशन फीस के लिए 50 लाख रुपए नकद किचन में सुरक्षित स्थान पर छिपाकर थे, जिसे चुराया गया

पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की और संदिग्ध नौकर सुमित खेतान एवं नौकरानी सीमा सैनी से पूछताछ की। पूछताछ में वारदात स्वीकार करने के बाद सुमित खेतान (38) और सीमा सैनी (34) को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपियों से 33 लाख रुपए नकद बरामद कर लिए हैं। शेष राशि की बरामदगी के प्रयास जारी हैं।

जांच में सामने आया कि जब परिवादी रकम छिपा रहे थे। तब सुमित ने चोरी-छिपे यह देख लिया था। बाद में उसने सीसीटीवी फुटेज देखकर पूरी जानकारी जुटाई और किचन के कैमरे का वायर हटा दिया।

इसके बाद महिला कर्मचारी सीमा सैनी को भी योजना में शामिल कर दोनों ने मिलकर नकदी चुरा ली और सामान्य तरीके से घर में काम करते रहे ताकि किसी को शक न हो। पुलिस टीम का गठन अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त के निर्देशन में किया गया था। जिसमें सांगानेर सदर थाना पुलिस की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# 15वें वित्त आयोग से बीते चार माह में राजस्थान को 2700 करोड़ रुपये मिले

**जयपुर**। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए विभिन्न केंद्र प्रवर्तित योजनाओं के तहत प्रदेश को अधिक से अधिक राशि जारी किए जाने के लिए विशेष प्रयास किए। जिसके परिणाम स्वरूप केंद्र सरकार ने 15वें वित्त आयोग, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं पीएम अभीम (प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर मिशन) के तहत रिकॉर्ड राशि राज्य को जारी की गई है।

15वें वित्त आयोग के तहत राजस्थान को विगत 5 वर्ष में करीब 4300 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई है, जिसमें से लगभग 2700 करोड़ की राशि विगत 4 माह में मुख्यमंत्री के सतत प्रयासों के परिणामस्वरूप जारी हुई है। इसी प्रकार राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत वर्ष 2025-26 में लगभग 2383 करोड़ के मुकाबले केंद्र सरकार ने करीब 2398 करोड़ की राशि राजस्थान को जारी की है, जो स्वीकृत राशि का 100.61 प्रतिशत है। वहीं, पीएम अभीम के तहत भी सर्वाधिक राशि 243 करोड़ रुपये राजस्थान को मिली है। चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने बताया कि मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व एवं दूरदर्शी विजन में राज्य में प्राथमिक स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के विस्तार, डायग्नोस्टिक सुविधाओं के विकास की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

# करतारपुरा में रेलवे की अवैध लॉन्ड्री के खिलाफ स्थानीय लोगों का आक्रोश फूटा

## लॉन्ड्री के प्रदूषण से परेशान लोग आर-पार की लडाई के मूड में उतरे

**जयपुर** (कासं)। उत्तर पश्चिम रेलवे ने जयपुर नगर निगम के करतारपुरा क्षेत्र, वार्ड सं. 144 में रेलवे लाइन के किनारे व सरकारी स्कूल के सामने रिहायशी कॉलोनी में अवैध बूट लॉन्ड्री की फैक्ट्रियां लगा रखी हैं, जिनसे स्थानीय जनता विशेषकर वृद्धों, महिलाओं एवं बच्चों को स्वास्थ्य एवं श्वास संबंधी काफी समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं।

रिहायशी इलाके में रेलवे की जमीन पर अवैध रूप से बगैर भू-रूपान्तरण कराये बूट लॉन्ड्री की फैक्ट्रियां लगा रखी हैं। ये लॉन्ड्री रिहायशी इलाके में होने पर भी नियमविरुद्ध प्रतिदिन निरन्तर 24 घंटे चलती हैं। इसकी चिमनी से आसपास की कॉलोनियों में रोजाना काफी जहरीला धुआं, मशीनों से रसायनयुक्त पानी और वायु व ध्वनि प्रदूषण फैलता है। इससे स्थानीय निवासी अत्यधिक परेशान है। इस बूट लॉन्ड्री के बिल्कुल सामने महज 15 मीटर की दूरी पर ही राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय करतारपुरा स्थित है, जिसमें पढ़ने वाले बच्चे रोजाना प्रदूषित वायु एवं फैक्ट्री के शोर से काफी परेशान हैं एवं बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। बताया जा रहा है कि लॉन्ड्री में अवैध रूप से बॉयलर भी लगा रखा है जो कि नियमानुसार आवासीय क्षेत्र में नहीं लग सकता है। अब नई 2 यूनिटों में भी अवैध रूप से 2 बॉयलर स्थापित किये गये हैं।

लॉन्ड्री की फैक्ट्रियों में नियमानुसार वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट का प्रावधान आवश्यक है, लेकिन इस लॉन्ड्री में शुरुआत से ही केवल ढांचा बना हुआ है इसको संचालित नहीं किया जा रहा है। ट्रीटमेंट प्लांट सुचारू नहीं होने से रसायनयुक्त गन्दा पानी करतारपुरा नाले (द्रव्यवती नदी की सहायक) में डालकर जल प्रदूषण भी किया जा रहा है। लॉन्ड्री की नई 2 यूनिटों में तो वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का ढांचा भी नहीं बनाया गया है, इसके बावजूद फैक्ट्री एवं बॉयलर विभाग इनको बॉयलर लगाने के लिए अनापत्ति दे रहा है।




- बीते कई वर्षों से केंद्र-राज्य सरकार को शिकायत कर रहे लोग, परंतु नहीं हुआ समाधान
- स्कूली बच्चों और बुजुर्गों को लॉन्ड्री के धुएं से हो रही अत्यधिक परेशानी, फिर भी जिम्मेदार मौन साधे बैठे

जयपुर के मास्टर प्लान में अभी भी इस लॉन्ड्री की भूमि को रिहायशी ही दिखाया जा रहा है। लेकिन फिर भी जयपुर विद्युत वितरण निगम द्वारा फैक्ट्रियों के लिए अवैध रूप से नियमों के परे जाकर मिलीभगत से अवैध लॉन्ड्री को व्यवसायिक विद्युत कनेक्शन दिए गए है। राजस्थान राज्य प्रदूषण मंडल को कई वर्षों से लॉन्ड्री की फैक्ट्रियों के प्रदूषण से परेशान स्थानीय निवासी शिकायत कर रहे हैं लेकिन उनके द्वारा भी महज कागजी खानापूर्ति करके कोई उचित कार्यवाही नहीं की जा रही है। उस फैक्ट्री के कारण दुर्गापुरा से बाईस गोदाम जाने वाली मुख्य सड़क पर आए दिन जाम लगते रहते हैं। फैक्ट्री में काम करने वाले मजदूर रात के समय झगड़ा फसाद करके शोर, अराजकता का माहौल बनाए रखते हैं जिससे स्थानीय निवासियों में तनाव बना रहता है। इस अवैध लॉन्ड्री से परेशान स्थानीय निवासी कई वर्षों से केन्द्र सरकार, रेलवे, प्रदूषण बोर्ड, मुख्यमंत्री कार्यालय और राज्य सरकार को शिकायत कर रहे हैं, परन्तु अभी तक किसी के द्वारा भी कार्यवाही नहीं की गई। इन तमाम समस्याओं से परेशान होकर न्याय की आस में लगभग 200 स्थानीय निवासियों ने करतारपुरा विकास समिति के अध्यक्ष कमल किशोर सैनी, उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम शर्मा, सचिव एडवोकेट सत्यनारायण जांगिड़, सलाहकार एडवोकेट दिनेश शर्मा, महामंत्री राजेश शर्मा, कोषाध्यक्ष सतीश कुमार, संगठन मंत्री प्रकाश गुप्ता के नेतृत्व में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया एवं लॉन्ड्री के बाहर विरोध प्रदर्शन किया।

# युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या की

- सुसाइड नोट व वीडियो के आधार पर पत्नी व ससुराल पक्ष पर मामला दर्ज

**जयपुर**। रामनगरिया थाना क्षेत्र में एक युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि पत्नी के लगातार दूरी बनाने से परेशान होकर युवक ने अपनी शादी की सालगिरह के अगले दिन यह कदम उठाया। पुलिस को मौके से सुसाइड नोट और मोबाइल में सुसाइड वीडियो भी मिला है।

पुलिस के अनुसार दौसा के बसवा निवासी शाहबाज खान (27) ने 28 फरवरी को जगतपुरा स्थित सीबीआई फाटक के पास ट्रेन के आगे छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। वह रेवाड़ी-मानसेर में एक निजी कंपनी में कार्यरत था। 27 फरवरी 2023 को उसकी शादी दौसा निवासी कशिश (25) से हुई थी। दंपती की दो वर्षीय बेटी भी है।

परिजनों के अनुसार, शादी के बाद से ही पत्नी कशिश अक्सर विवाद कर पीहर चली जाती थी और वापस आने से इनकार करती थी। आरोप है कि वह अपनी मर्जी से घूमने-फिरने जाती और पैसों की मांग करती थी, जिसे शाहबाज पूरा करता रहा। मृतक के भाई शाहिद खान ने रिपोर्ट में बताया कि दिसंबर 2025 में साले की शादी में शाहबाज से करीब डेढ़ लाख रुपए खर्च करवाए गए। इसके बाद भी ससुराल पक्ष द्वारा उसके साथ मारपीट की गई। पत्नी के कहने पर शाहबाज ने रेवाड़ी की नौकरी छोड़ दी और फरवरी 2026 में जयपुर के भांकरोटा क्षेत्र के जयसिंहपुरा में किराए का मकान लेकर नई नौकरी शुरू की, लेकिन इसके बावजूद पत्नी साथ नहीं आई। 27 फरवरी 2026 को शादी की तीसरी सालगिरह पर भी पत्नी ने कॉल और मैसेज का जवाब नहीं दिया। परेशान होकर शाहबाज ने उसे लगातार मैसेज कर बात करने की गुहार लगाई। अगले दिन 28 फरवरी की सुबह वह बाइक लेकर घर से निकला और जगतपुरा रेलवे स्टेशन की पार्किंग में बाइक खड़ी कर सीबीआई फाटक के पास ट्रेन के आगे कूद गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

कमरे की तलाशी में सुसाइड नोट मिला, जिसमें उसने लिखा- मेरी जिंदगी के कुछ पल मेरी बेटी फातिका को बता देना। मोबाइल में पत्नी को भेजे गए कई संदेश और रोते हुए बनाया गया वीडियो भी मिला है, जिसमें वह ससुराल पक्ष पर प्रताड़ना के आरोप लगाता दिख रहा है। पुलिस ने मृतक के भाई की रिपोर्ट पर पत्नी कशिश, सास तसलीम, साले बिलाल, शाहदाब उर्फ राहुल और जिसान के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# मुकेश मीणा चौथी बार प्रेस क्लब के अध्यक्ष निर्वाचित

**जयपुर**। पिंकसिटी प्रेस क्लब प्रबन्ध कार्यकारिणी 2026-27 के लिए मुकेश मीणा अध्यक्ष और राजकुमार शर्मा "जकड़ी" महासचिव निर्वाचित हुए है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनिल शेखावत ने बताया कि अध्यक्ष पद पर मुकेश मीणा को 369, रोहित कुमार सोनी को 317, रूपेश टिंकर को 194 और अभय जोशी को 127 मत मिले है। महासचिव पद पर राजकुमार शर्मा जकडी को 430, रामेन्द्र सोलंकी को 392, परमेश्वर प्रसाद शर्मा को 112 एवं अभय सिंह को 42 मत मिले है।

उपाध्यक्ष के दो पदों पर डॉ. मोनिका शर्मा और पुष्पेन्द्र सिंह राजावत निर्वाचित घोषित किए गए है। इस पद पर डॉ. मोनिका शर्मा को 416 और पुष्पेंद्र सिंह राजावत को 399 मत मिले है। उन्होंने बताया कि कोषाध्यक्ष पद पर नमोनारायण अवस्थी ने 447 मत प्राप्त कर सफलता हासिल की है। इस पद पर अनिल त्रिवेदी को 365, और शालिनी श्रीवास्तव को 166 मत मिले है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी शेखावत ने बताया कि कार्यकारिणी के दस पदों पर अनिता शर्मा, मतीष पारीक, निखलेश शर्मा, छगन लाल शर्मा, विकास आर्य, ज्ञानेन्द्र मिश्रा, महंत संतोष कुमार शर्मा, मुकेश शर्मा, उमंग माथुर, धूलीलाल मीणा (डीसी) निर्वाचित घोषित किए गए है।



# रिटायर्ड कांस्टेबलों का सम्मान किया

**जयपुर**। पुलिस मुख्यालय में मंगलवार को एक अलग ही नजारा देखने को मिला। जब दो कांस्टेबल अपनी पूरी सेवा एक ही पद पर समर्पित कर सेवानिवृत्त हुए तो स्वयं महानिदेशक पुलिस राजीव कुमार शर्मा ने संवेदनशीलता की नई मिसाल पेश करते हुए अवकाश के बावजूद उन्हें अपने कक्ष में आमंत्रित कर सम्मानित किया। पुलिस सेवा में समर्पण और निष्ठा का भावुक दृश्य देखने को मिला। जब जयपुर आयुक्तालय में तैनात नंदकिशोर मीणा कांस्टेबल और कैलाश चन्द कांस्टेबल की सेवानिवृत्ति पर डीजीपी ने स्मृति चिन्ह और नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

# वरिष्ठ नागरिकों की ट्रेन रवाना

**जयपुर** (कासं)। देवस्थान विभाग की वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना-2025-26 के तहत मंगलवार को जयपुर के दुर्गापुरा रेलवे स्टेशन से रामेश्वरम-मदुरई के लिए विशेष ट्रेन को देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

उन्होंने बताया कि बजट घोषणा-2025-26 की यह अंतिम ट्रेन थी। इसमें जयपुर, कोटा व भरतपुर संभाग के कुल 990 वरिष्ठजन रामेश्वरम-मदुरई के लिए रवाना हुए हैं। दुर्गापुरा रेलवे स्टेशन से 400 यात्री, जबकि सवाईमाधोपुर से 120 व कोटा रेलवे स्टेशन से 470 यात्री सवार हुए हैं। यह ट्रेन दो अप्रेल को रामेश्वरम पहुंचेगी। ट्रेन का ठहराव रामेश्वरम में एक दिन का होगा। यहां पर सभी श्रद्धालुओं को हिंदू धर्म के महत्वपूर्ण चार धाम में से एक व देश के मुख्य रामनाथ स्वामी मंदिर व ज्योर्तिलिंग व मणी दर्शन करवाए जाएंगे।

# जे.डी.ए. में पदोन्नत हुए अतिरिक्त मुख्य अभियंताओं मिली नई पोस्टिंग

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। जयपुर विकास प्राधिकरण में पदोन्नत हुए एडिशनल चीफ इंजीनियर्स (अतिरिक्त मुख्य अभियंता) को उनके नए पदभार के साथ पोस्टिंग दी गई है। इनके कार्यभार में भी बदलाव किया गया है। पदोन्नत होने के बाद जेडीए में 11 एडिशनल चीफ इंजीनियर्स हो गए हैं।

आदेश के अनुसार मोहन लाल मीणा को जोन 21 व 22, राजीव आवास योजना (बीएसयूपी-अफोर्डेबल), इंजीनियरिंग शाखाओं से समन्वय, एपेक्स एलीवेटेड प्रोजेक्ट, तकनीकी सहायक निदेशक इंजीनियरिंग प्रथम का जिम्मा सौंपा गया है। हरीशंकर मीणा को जोन 15 व 16 लोकायुक्त, एमपी, एमएलए फंड, रिंग रोड उत्तर का चार्ज दिया गया है।

संजय पूनिया को जोन 11 व 12, एमएस-पीडब्लूसी, बिजली, सिविल लाइन आरओबी की जिम्मेदारी दी गई है। राम प्रसाद रैगर को जोन 10 व 13 विधानसभा ऑफसी यूटिलिटी, गुणवत्ता प्रकोष्ठ, तकनीकी सहायक डायरेक्टर थर्ड का जिम्मा सौंपा गया है। इसके साथ ही नए पदोन्नत अतिरिक्त मुख्य अभियंता मोहित चौधरी को जोन ए-बी, ट्रेफिक कंट्रोल बोर्ड, रिद्धी-सिद्धी एलीवेटेड रोड का काम सौंपा गया है। विवेक शर्मा को जोन 17, 18, 19 पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप, मुख्यालय, पीएमआईएस, सोडाला प्रोजेक्ट फाइनालिजेशन की जिम्मेदारी दी गई है। राजेन्द्र शर्मा को जोन 9 व 14, सालिगरामपुरा आरओबी, इंडूनी फाटक प्रोजेक्ट का चार्ज दिया गया है।

योगेश स्वरूप माथुर को जोन 7 पीआरएन, सीएमआईएस, बजट घोषणा, जनसुनवाई केन्द्र सांगानेर व द्रव्यवती प्रोजेक्ट की जिम्मेदारी दी गई है। महेश गोयल को जोन सी-8, सांगानेर एलीवेटेड रोड, तकनीकी सहायक डायरेक्टर इंजीनियरिंग थर्ड का काम सौंपा गया है। संजय व्यास को जोन 25 व उद्यान तथा विनोद कृष्णया जोन 23-24 पीएचई क्वालिटी कंट्रोल का काम दिया गया है।

# रिटायर्ड बैंक कर्मचारी की मौत

**जयपुर**। मुहाना की पत्रकार कॉलोनी में मंगलवार सुबह पडौसी से हुए विवाद में एक रिटायर्ड बैंक कर्मचारी की मौत हो गई। संकरी गली में टैम्पो ट्रैवलर लाने को लेकर हुए झगड़े में धक्का-मुक्की के दौरान बुजुर्ग सड़क पर गिर गए, जिससे उनकी जान चली गई।

थानाधिकारी मदन लाल कडवासरा के अनुसार पटेल मार्ग निवासी विजेंद्र सिंह (68) परिवार सहित रहते थे। उनके पडौस में ट्रैवल एजेंसी संचालक छोटे लाल सैनी का घर है। मंगलवार सुबह करीब 8 बजे छोटे लाल ने टैम्पो ट्रैवलर मंगवाया, जिसे उज्जैन भेजना था। गली संकरी होने के कारण विजेंद्र सिंह और उनके बेटे ने वाहन को अंदर लाने का विरोध किया। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई, जो जल्द ही झगड़े में बदल गई। आरोप है कि विवाद के दौरान पडौसी और टेंपो ट्रैवलर चालक ने विजेंद्र सिंह को धक्का दे दिया, जिससे वे सड़क पर गिर पड़े और बेहोश हो गए। घटना के बाद पडौसी छोटे लाल और उसकी पत्नी रेखा फरार हो गए।

## सार-समाचार

### जयपुर सहित 11 शहरों में बारिश

**जयपुर**। राजस्थान में मंगलवार को जयपुर सहित करीब 11 शहरों में बारिश हुई। बारिश के साथ ओले गिरे। जोधपुर, अजमेर, चूरू, सीकर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ में ओले गिरने से खेतों में खड़ी फसलों को नुकसान हुआ। इस समय गेहूं, सरसों और चने की फसलें कटाई के करीब है। वहीं श्रीगंगानगर में बिजली गिरने से मौसी समेत दो बच्चे झुलस गए। उनको बीकानेर के हायर सेंटर रेफर किया है। प्रदेश में एक्टिव वेस्टर्न डिस्टर्बेंस का असर अप्रैल के पहले सप्ताह में भी रहेगा। इससे पहले सोमवार (30 मार्च) को इस सिस्टम का सबसे अधिक प्रभाव रहा। कोटा, नागौर, डीडवाना-कुचामन में ओले गिरने से फसलों को नुकसान हुआ है। मौसम के इस बदलाव से दिन के तापमान में 6 डिग्री तक गिरावट दर्ज की गई। श्रीगंगानगर में मंगलवार को मौसम बदला और बारिश-ओलावृष्टि हुई। वहीं, नागौर, डीडवाना-कुचामन जिलों में देर रात हुई बरसात और ओले गिरने से कटने के लिए तैयार फसल खराब हो गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि नागौर के धनारी कलां, ढेहरू, डेगाना के सांजू, चुई ओले गिरे हैं। वहीं, डीडवाना-कुचामन जिले के मकराना क्षेत्र में मनाना, गच्छीपुरा क्षेत्रों में ओले-बारिश से नुकसान हुआ है। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि आगामी सप्ताह में बैक टू बैक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होंगे। पिछले 24 घंटों में राज्य के कुछ भागों में आंधी-बारिश दर्ज की गई है।

### हाईटेंशन लाइन की चपेट में आया मजदूर

**जयपुर**। मानसरोवर की पत्रकार कॉलोनी स्थित खरबास सर्कल के पास एक निर्माणाधीन चार मंजिला कॉम्प्लेक्स में काम कर रहे मजदूर के हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से बड़ा हादसा हो गया। हादसे के दौरान हुए जोरदार धमाके से आसपास का क्षेत्र दहल उठा और शहर के एक बड़े हिस्से की बिजली व्यवस्था भी प्रभावित हो गई। जानकारी के अनुसार, बिहार के नालंदा निवासी मजदूर रामनाथ मंगलवार सुबह करीब 10:49 बजे चौथी मंजिल पर लिफ्ट के अटके हुए तार को खींच रहा था। इसी दौरान तार उछल कर ऊपर से गुजर रही 132 केवी सांगानेर-मानसरोवर हाईटेंशन लाइन के इंडक्शन जोन में आ गया। पलक झपकते ही तेज शॉर्ट सर्किट हुआ और मजदूर आग की लपटों में घिर गया। चश्मदीदों के अनुसार धमाका इतना तेज था कि ऐसा लगा जैसे एक साथ कई गैस सिलेंडर फट गए हो। आवाज सुनकर आसपास मौजूद लोग और मजदूर घबरा कर जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। गंभीर रूप से झुलसे रामनाथ को साथी मजदूरों ने संभाला। जबकि आरोप है कि ठेकेदार मौके से फरार हो गया। बताया जा रहा है कि करीब 50 प्रतिशत से अधिक झुलसे मजदूर को पहले एसएमएस अस्पताल ले जाया गया, लेकिन कानूनी प्रक्रिया के डर से उसे वहां भर्ती नहीं कराया गया। बाद में उसे मानसरोवर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### क्रिकेट ग्राउंड में बीयर पार्टी पर छापा

**जयपुर**। भांकरोटा थाना पुलिस ने देर रात क्रिकेट ग्राउंड में चल रही बीयर पार्टी पर बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध शराब बेचते दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मौके से विभिन्न ब्रांड की 140 बीयर कैन/बोतल जब्त की गई हैं। वहीं पार्टी में शामिल 17 लोगों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई है। जयपुर पुलिस उपायुक्त पश्चिम प्रशांत किरण ने बताया कि पुलिस आयुक्तालय जयपुर द्वारा अवैध शराब की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत यह कार्रवाई की गई। पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) के सुपरविजन और अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त के मार्गदर्शन में सहायक पुलिस आयुक्त बगरू के नेतृत्व में भांकरोटा थाना पुलिस की टीम गठित की गई थी। पुलिस को सूचना मिली कि पाटीवालों की ढाणी स्थित क्रिकेट ग्राउंड के पास कुछ लोग देर रात मैच के दौरान बीयर पार्टी कर रहे हैं और अवैध रूप से शराब बेच रहे हैं। इस पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो करीब दो दर्जन लोग हाथों में बीयर लेकर पार्टी करते मिले। पुलिस को देखकर कुछ लोग भागने लगे। मौके पर दो व्यक्ति डी-फ्रीज में बीयर बेचते मिले। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम नितेश कुमार मुंशी (34) निवासी चांदपोल बाजार और दिलीप केशवानी (48) निवासी मानसरोवर बताए। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 140 बीयर कैन/बोतल और दो डी-फ्रीज जब्त किए। दोनों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 19/54 में मामला दर्ज किया गया है। बीयर पार्टी में शामिल 17 व्यक्तियों को पुलिस ने धारा 126/170 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार किया। मौके पर खड़े वाहनों के कागजात नहीं मिलने पर 9 वाहनों को जब्त किया गया। इसके अलावा आरोपियों के कब्जे से 14 मोबाइल फोन भी बरामद किए गए हैं।

### डॉक्टर्स लीग की ट्रॉफी का अनावरण

**जयपुर**। मेडिकोज़ वेलफेयर सोसायटी जयपुर की ओर से डीपीटीएल सीजन 6 व डीपीपीएल प्रथम सीजन प्रतियोगिता 1 से पाँच 5 तक जयपुर के जय क्लब में आयोजित की जाएगी। लीग पैट्रन डॉ. संदीप निझावन ने बताया कि प्रतियोगिता की ट्रॉफी व टी शर्ट का अनावरण एसआरके हॉस्पिटल जयपुर के निदेशक डॉ. राकेश शर्मा ने किया। लीग ऑर्गनाइजिंग चेयरमैन डॉ. जयंत सेन व ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ. अनिल यादव ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्घाटन चिकित्सा शिक्षा आयुक्त नरेश गोयल करेंगे। लीग के चीफ कॉर्डिनेटर डॉ. हरीश भारद्वाज व डॉ. हनुमान खोजा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में राजस्थान व अन्य राज्यों से 400 खिलाड़ी तथा 40 टीमें भाग लेंगी।

# यूनेस्को हैरिटेज सिटी संरक्षण पर मुख्य सचिव सख्त

## अधिकारियों के साथ परकोटे में पैदल घूमकर विरासत स्थलों की वास्तविक स्थिति जांची

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। यूनेस्को विश्व हैरिटेज सिटी जयपुर के संवर्धन, संरक्षण एवं सौन्दर्यकरण को लेकर मुख्य सचिव वी. निवास ने मंगलवार को परकोटे क्षेत्र का व्यापक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संकरी गलियों में पैदल भ्रमण कर विरासत स्थलों की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने नाटाणियों की हवेली, खजाने वालों का रास्ता, जैमिनी बिल्डिंग, दिगम्बर जैन मंदिर, राजस्थान स्कूल ऑफ आर्ट, हैरिटेज वॉक-वे तथा मणिहारों का रास्ता सहित विभिन्न ऐतिहासिक स्थलों का निरीक्षण किया। नाटाणियों की हवेली में संचालित कोतवाली थाने का निरीक्षण करते हुए उन्होंने वर्षों पुराने अभिलेखों को देखा तथा जर्जर भवन के संरक्षण के लिए शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए।

खजाने वालों के रास्ते पर स्थित हवेलियों एवं जैमिनी बिल्डिंग का निरीक्षण कर मुख्य सचिव ने उनकी ऐतिहासिक महत्ता की जानकारी ली और संरक्षण के लिए आवश्यक कदम उठाने को कहा। इसके बाद उन्होंने दिगम्बर जैन मंदिर, राजस्थान स्कूल ऑफ आर्ट एवं हैरिटेज वॉक-वे का भी निरीक्षण किया। मुख्य सचिव ने कहा कि जयपुर हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का जीवंत प्रतीक है और इसकी पहचान बनाए रखना सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने परकोटे के संरक्षण एवं यूनेस्को वर्ल्ड हैरिटेज सिटी का दर्जा बनाए रखने के लिए निरंतर प्रयासों पर जोर दिया।



मुख्य सचिव वी. निवास ने मंगलवार को जयपुर परकोटे क्षेत्र का व्यापक निरीक्षण किया।

- अनाधिकृत केबल हटाने, हैरिटेज क्षेत्र में खराब लाइटों एवं फसाड लाइटिंग को दुरुस्त करने, स्पेशल एरिया हैरिटेज प्लान शीघ्र तैयार करने तथा हैरिटेज सेल को अधिक सक्रिय बनाकर काम करने के निर्देश दिए

निरीक्षण के बाद मुख्य सचिव ने नगर निगम मुख्यालय स्थित ई.सी. मीटिंग हॉल में अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में हैरिटेज सेल द्वारा प्रस्तुतिकरण के माध्यम से अब तक किए गए कार्यों एवं चल रही योजनाओं की समीक्षा की गई। उन्होंने जोन उपायुक्तों से कार्यों की प्रगति की जानकारी भी ली।

बैठक में मुख्य सचिव ने अनाधिकृत केबल हटाने, हैरिटेज क्षेत्र में खराब पड़ी लाइटों एवं फसाड लाइटिंग को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। साथ ही स्पेशल एरिया हैरिटेज प्लान शीघ्र तैयार करने तथा हैरिटेज सेल को अधिक सक्रिय, उत्तरदायी एवं परिणाममुखी बनाकर कार्य करने पर जोर दिया।

इस दौरान शासन सचिव रवि जैन, संभागीय आयुक्त वी. सरवण कुमार, नगर निगम आयुक्त डॉ. गौरव सैनी, उपायुक्त (स्वास्थ्य) मृणाल कुमार, अतिरिक्त आयुक्त नरेन्द्र कुमार बंसल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# *ट्रेन के आगे कूदा प्रेमी युगल, मौत*

**जयपुर**। राजधानी के बस्सी थाना इलाके में मंगलवार सुबह एक प्रेमी युगल के सुसाइड का सनसनीखेज मामला सामने आया है। रीको एरिया में धोबियों का फाटक के पास एक युवक और युवती ने ट्रेन के आगे छलांग लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस को रेलवे ट्रैक पर शवों के कई टुकड़े बिखरे मिले, जिन्हें बड़ी मुश्किल से एकत्र कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया।

थानाधिकारी (बस्सी) धर्मेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि घटना स्थल के पास ही एक बाइक खड़ी मिली थी, जिसमें चाबी लगी हुई थी। पुलिस ने बाइक के रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर जांच शुरू की, जिससे मृतकों की पहचान हो सकी। मृतकों में 19 वर्षीय युवती जामडोली की निवासी थी, जबकि 26 वर्षीय युवक बस्सी क्षेत्र का रहने वाला था। पुलिस जांच में सामने आया कि दोनों सोमवार देर शाम अपने-अपने घरों से निकले थे। युवती के लापता होने पर परिजनों ने सोमवार रात को ही जामडोली थाने में उसकी गुमशुदगी दर्ज करवाई थी। मंगलवार सुबह करीब 7:30 बजे पुलिस को ट्रैक पर शव होने की सूचना मिली। पुलिस की प्राथमिक जांच में मामला प्रेम-प्रसंग का माना जा रहा है।